UP ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिये अनुपूरक बजट पेश किया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य विधानसभा में वर्ष 2024-25 के लिये 17,865.72 करोड़ रुपए का** अनुपूरक बजट पेश किया, जो **मूल 7.36 लाख करोड़ रुपए के बजट का 2.42% है।**

इस दूसरे अनुपूरक बजट से राज्य का कुल बजट आकार 7,66,513.36 करोड़ रुपए हो गया है।

मुख्य बिंदु

- **प्रमुख आवंटन:**
- **प्रमुख विभाग आवंटन:**
  - ऊर्जा विभाग के लिये 8,587.27 करोड़ रुपए।
  - वित्त विभाग के लिये 2,438.63 करोड़ रुपए।
  - परिवार कल्याण विभाग के लिये 1,592.28 करोड़ रुपए।
  - पशुपालन विभाग के लिये 1,001 करोड़ रुपए।
- **अन्य विभागीय अनुदान:**
  - लोक निर्माण विभाग (PWD) के लिये 805 करोड़ रुपए।
  - सूचना विभाग के लिये 505 करोड़ रुपए।
  - प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिये 515 करोड़ रुपए।
- **रोज़गार में उपलब्धियाँ:**
  - **राज्य की बेरोज़गारी दर** 19% (2012-2017) से घटकर 2.4% (2024) हो गई।
  - **शिक्षा विभाग में** रिक्त पदों पर 1,60,000 से अधिक भर्तियाँ की गईं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-presents-supplementary-budget-for-fy-2024-25